संदर्भ शर्तें
कनसल्टेंट/ डिवेलपर आईटी – सीपीएचसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर ऊपर उल्लेखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

यदि आप स्वास्थ्य निकाय के लिए प्रतिबद्ध हैं और अनुभवी हैं तो आपके पास भारत में बदलते सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ काम करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर सहायता कार्यक्रम में हाथ बंटाने के जरिए स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने तथा स्वास्थ्य सेवा डिलीवरी में सुधार एवं सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने की प्रक्रिया में वास्तविक भागीदारी का अवसर देता है। विभिन्न क्षेत्रों की टीम के साथ काम करके आप स्वास्थ्य डिलीवरी प्रणाली, सार्वभौम प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधनों, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य फाइनेंसिंग, उत्कृष्ट देखभाल, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित अनेक चुनौतियों के समाधानों की खोज, आत्मसात, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह एक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में मदद करने, जिला एवं उप–जिला कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान को बांटने और सार्वभौम स्वास्थ्य कवरेज के सपने को साकार करने का अवसर है।

कनसल्टेंट/डिवेलपर को पीएचपी प्लेटफार्म पर वैब आधारित एप्लिकेशन्स विकसित करने का उत्कृष्ट ज्ञान एवं ठोस अनुभव होगा। वह ग्राफिकल डिजाइन एवं तकनीकी कार्यान्वयन के बीच अंतर को पाटने, दोनों तरफ सक्रिय भूमिका निभाने और एप्लिकेशन्स कैसी दिखती हैं और कैसे कार्य करती हैं, यह परिभाषित करने में भूमिका निभाएगा।

भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां :

- उपयोक्ता के अनुकूल नई खूबियां विकसित करना
- भविष्य में इस्तेमाल के लिए पुनर्उपयोग योग्य कोड एवं पुस्तकालय बनाना
- अधिकतम गति एवं स्केलेबिलिटी के लिए श्रेष्ठ एप्लिकेशन
- यह सुनिश्चित करना कि बैक–एंड के पास भेजने से पहले सभी यूजर के इनपुट को मान्य किया जाए
- डेटा सेंटर वीएम में वैब एप्लिकेशन का विकास
- टीम के अन्य सदस्यों और हितधारकों के साथ सहयोग, सॉफ्टवेयर डिवेलपर और कार्यान्वयन भागीदारों के साथ संपर्क
- सॉफ्टवेयर टूल्स की आवश्यकता का आकलन और अंतर का विश्लेषणा करना
- राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों से रिपोर्ट का संग्रह, संकलन और विश्लेषण
- राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों के साथ सक्रिय समन्वय के जरिए पोर्टल का अपडेशन सुनिश्चित करना
- पोर्टल के संचालन के दिशानिर्देश तैयार करना
- प्रसार के लक्ष्यों एवं उपलब्धि की नियमित रिपोर्ट तैयार करना
- विविध सूचकों और आवश्यकताओं का उपयोग करते हुए जिलों एवं राज्यों के लिए कार्रवाई केंद्रित निगरानी की योजना बनाना
- राज्यों की प्रगति रिपोर्ट तैयार करना। प्रकाशन के लिए नए प्रारूप एवं सपोर्ट तैयार करना
- संसाधन प्रलेख तैयार करने के लिए तकनीकी इनपुट
- दिया गया कोई अन्य कार्य
- समय–समय पर दिया गया कोई अन्य असाइनमेंट

योग्यता एवं अनुभव
अनिवार्य :

- कंप्यूटर एप्लिकेशन्स/कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि/अभियांत्रिकी उपाधि के साथ संबंधित क्षेत्र में 3 वर्ष से अधिक का कार्यानुभव
- पीएचपी और कोड इग्नेटर फ्रेमवर्क का उत्कृष्ट ज्ञान
- HTML5, CSS3 सहित वैब मार्कअप की समझ में निपुण
- सर्वर साइड CSS प्री–प्रोसेसिंग प्लेटफार्म की समझ में निपुण
- jQuery सहित क्लाइंट–साइड स्क्रिप्टिंग और जावास्क्रिप्ट फ्रेमवर्क की समझ में निपुण
- एसिंक्रोनस रिक्वेस्ट हैंडलिंग, आंशिक पेज अपडेट्स और AJAX की अच्छी समझ
- क्रॉस–ब्राउजर अनुकूलता संबंधी मुद्दों आर उनसे संबंधित कार्य के तरीकों की समझ में निपुण
- कोड वर्जनिंग टूल्स की समझ में निपुण जैसे {{Git / Mercurial / SVN / अन्य}}
- वैब एप्लिकेशन के विकास का अनुभव
- डेटा सेंटर, VM, Linux में तैनाती के उद्देश्य से एप्लिकेशन के विकास का अनुभव

वांछनीय :

- वैब डिवेलपमेंट में माइक्रोसॉफ्ट प्रमाणन
- डेटा प्रोसेसिंग, विश्लेषण तकनीकों में निपुण
- स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सॉफ्टवेयर के कार्य में अनुभव

आयु सीमा : 40 वर्ष तक

परिलब्धियां : रु. 44,000–99,000/– प्रति माह (समेकित)

रिपोर्टिंग अधिकारी : कार्यकारी निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, नई दिल्ली

तैनाती का स्थान : नई दिल्ली

अवधिः 1 वर्ष पद ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी, जो प्राथमिकता एवं परस्पर सहमति के नियमों एवं शर्तों के अनुसार नियमों एवं स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बढाई जा सकती है।

नोट :

- उम्मीदवारों की छंटनी के बाद साक्षात्कार होगा
- आवेदक को डेटा संकलन, बुनियादी विश्लेषण, इंटरनेट उपयोग और प्रस्तुति के लिए वर्ड प्रोसेसिंग वर्कशीट में कंप्यूटर के इस्तेमाल में निपुण होना चाहिए
- आवेदक निगरानी एवं पर्यवेक्षणा के लिए व्यापक भ्रमण में सक्षम होना चाहिए
- आयु सीमा : आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को गणना की जाएगी
- परिलब्धि योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दी गई सीमा में निर्धारित की जाएगी

- योग्य उम्मीदवारों के लिए योग्यता मानदंड में छूट दी जा सकती है

आवेदन कैसे करें :

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि एनएचएसआरसी वैबसाइट पर अपलोड की गई टीओआर में संलग्न आवेदन फार्म डाउनलोड करें और विधिवत रूप से भरे गए आवेदन को **23 मार्च, 2019** तक nhsrc.recruitments@gmail.com पर ईमेल करें। अन्य प्रारूप में जमा कराया गया आवदेन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन फार्म पर आवेदित पद का नाम लिखा हो, ऐसा न करने पर आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।